राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम : पर्यावरण विज्ञान
पाठ - 3 प्राकृतिक पर्यावरण का अवक्रमण
कार्यपत्रक - 3

`

1. मानव क्रियाकलापों ने पर्यावरण संतुलन या पर्यावरणीय साम्य को बाधित किया है। उन क्रियाकलापों का उल्लेख कीजिए जो इस असंतुलन के लिए उत्तरदायी हैं?
2. प्राचीन कृषि समाज और आधुनिक मानव समाज द्वारा प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग किये जाने के तरीकों की तुलना कीजिए।
3. मानव बस्ती के पास एक पॉवर संयंत्र लगाया गया है। यह पॉवर संयंत्र किस तरह से वहां पर पाये जाने वाले पौधों, जानवरों, जिसमें मनुष्य भी शामिल हैं, को प्रभावित करता है?
4. हमें जंगलों (वनों) को काटने की जरुरत क्यों पड़ी? अपने उत्तर के समर्थन और विरोध में उचित कारण दीजिये।
5. अयस्कों और खनिजों को खदानों से तीव्रता से निकाला जा रहा है। आपके विचार में इसके क्या परिणाम होंगे?
6. तेज गति से होने वाले औद्योगीकरण के कारण किस तरह से पर्यावरण का अवक्रमण हुआ है? संक्षेप में वर्णन कीजिये।
7. निम्नलिखित युग्मों में अंतर स्पष्ट कीजिये:

   (क) पारम्परिक उपज (फसले) बनाम उच्च उपज वाली फसलें

   (ख) मोनोकल्चर (एकल कृषि) बनाम बहुफसली कृषि

   (ग) अत्यधिक सिंचाई बनाम कम (मध्यम) सिंचाई

   (घ) कृषि रसायन बनाम जैविक खाद

8. उन कारणों को बताइए जो ग्रामीण जनसंख्या को शहरों, खासकर महानगरों में आने के लिए उत्तरदायी हैं।
9. मानव शारीर में मिनामाटा रोग का रोगजनक कारक कैसे प्रवेश करता है? इस प्रक्रिया में शामिल चरणों का वर्णन कीजिये।
10. पिछले साल भारत के कई भागों में सूखा पड़ा था। सूखा किस तरह से पौधे (पादपों), जानवरों, मानव और उद्योगों को प्रभावित करता है? वर्णन कीजिये।

NIOS/Acad./2020/333/03/H

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम : पर्यावरण विज्ञान
पाठ - 3 प्राकृतिक पर्यावरण का अवक्रमण
कार्यपत्रक - 3

`